2020

HINDI — GENERAL

Paper : SEC-A-2

(Sahitya aur Hindi Cinema)

Full Marks : 80

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें: 2×10

(क) 'अनमोल घड़ी' फिल्म के निर्देशक का नाम बताइए। उसमें मुख्य अभिनेत्री की भूमिका किसने निभाई है?

(ख) 'नया दौर' फिल्म के निर्देशक कौन हैं? इसमें मुख्य अभिनेता की भूमिका किस अभिनेता ने निभाई है?

(ग) 'दो आँखें बारह हाथ' फिल्म में किस समस्या को दर्शाया गया है? इस फिल्म को सन् 1959 में किस अवार्ड से नवाजा गया?

(घ) भारत की पहली बोलती फिल्म कब बनी? इस फिल्म का नाम क्या है?

(ङ) 'दादा साहेब फाल्के' अवार्ड देना कब से प्रारम्भ हुआ?

(च) 'तारे जमीं पर' फिल्म के निर्माता-निर्देशक का नाम बताइए। इस फिल्म में मुख्य बाल कलाकार के रूप में किस अभिनेता ने भूमिका निभाई है?

(छ) भारतीय सिनेमा का जनक किसे माना जाता है? उनकी पहली फिल्म का नाम बताइए।

(ज) सेंसर बोर्ड का निर्माण कब हुआ? यह भारत सरकार के किस मंत्रालय के अधीन है?

(झ) किन्हीं दो हिन्दी बाल फिल्मों के नाम बताइए।

(ञ) 'पान सिंह तोमर' फिल्म के लेखक का नाम बताइए। इस फिल्म के मुख्य कलाकार के रूप में किस अभिनेता ने भूमिका निभाई है?

2. किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दें: 5×4

(क) 'सिनेमा कला या मनोरंजन है।' – इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) सिनेमा की सामाजिक भूमिका का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'सेंसर बोर्ड' से क्या समझते हैं? भारतीय सिनेमा में इस बोर्ड की क्या भूमिका है? संक्षेप में लिखें।

(घ) 1947 से 1970 तक के हिन्दी सिनेमा के स्वरूप पर प्रकाश डालें।

(ङ) 'सिनेमाई यथार्थवाद' पर टिप्पणी लिखिए।

(च) 'स्वतंत्रता आन्दोलन और हिन्दी सिनेमा' पर टिप्पणी लिखिए।

3. किन्ही ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दें: 10×4

(क) सिनेमा में कलाकार की संवेदना का रूपान्तरण और तकनीक के संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'हिन्दी सिनेमा पर भारतीय समाज के यथार्थ का प्रभाव कहाँ तक पड़ा?' – स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मैरी कॉम' फिल्म पितृसत्तात्मक समाज में स्त्री के संघर्ष की जीवन तस्वीर है' – इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?

(घ) 'तारे जमीं पर' या 'थ्री इडियट्स' फिल्म की समीक्षा कीजिए।

(ङ) सिनेमा में सिनेमा की भाषा, निर्देशन, पटकथा और सिने संगीत के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

(च) भारतीय हिन्दी सिनेमा में साहित्य के अवदान का मूल्यांकन कीजिए।

(छ) करोना महामारी ने हिन्दी फिल्म उद्योग को किस प्रकार से प्रभावित किया है? अपने विचार प्रस्तुत करें।

———————